
# पूर्व रेंजर के जाने के बाद धूमा क्षेत्र में कट रहे धड़ल्ले से पेड़

**सिवनी नवभारत।** इन दिनों वन परिक्षेत्र धूमा के अंतर्गत पेड़ों की धड़ुले से कटाई चल रही है जबकि भारत सरकार पूरे देश में अपनी मां के नाम के पेड़ लगवा रही है तो वही मध्य प्रदेश सरकार भी पीछे नहीं है लेकिन सिवनी जिले में कुछ अजीबोगरीब मामला सामने आ रहा है धूमा वन परी क्षेत्र के अंतर्गत कहानी रोड पर चील घर के पीछे लगाए गए एसडीओ गोपाल सिंह के द्वारा लगाए गए पौधों को काट दिया गया वह जो दो पेड़ लगाए गए थे वह काफी बड़े हो चुके थे लेकिन सवाल यह होता है कि उसी से 20 मीटर दूर प्लांटेशन भी लगा हुआ है लेकिन हमारी टीम प्लांटेशन के अंदर नहीं घुस पाई शायद अंदर जाने के बाद भी हकीकत कुछ और सामने आ सकती थी यह तो अंदर जाने के बाद ही पता चलेगा कि क्या और भी पेड़ काटे गए हैं जब से




धूमा में आकाश परोहा धूमा में आए हैं तब से पेड़ों की कटाई जबरदस्त चल रही है यदि इन्हें कोई जानकारी देता है तो महोदय फोन उठाने से कतराते हैं जबकि ऐसे अधिकारी राजपत्रित अधिकारी कहलाते हैं और इन्हें संबंधित जानकारी देने के लिए किसी भी समय फोन लगा सकते हैं लेकिन सब को कार्यालीन समय में ही फोन लगाने का अच्छा तरीका समझते हैं क्योंकि धूमा में उनके पहले पूर्व में सिद्धार्थ तिवारी के रहते हुए पेड़ों की कटाई पर



प्रतिबंध विराम जैसा लग गया था अभी कुछ दिन पहले भी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दरगडा



से नरसिंहपुर तरफ लकड़ियां ले जाते वक्त कटोरी वन विभाग चौकी ने कुछ लोगों को पकड़ा था यदि उसे समय कि रात में धूमा रेंजर को फोन जाता तो वह उठाना उचित नहीं समझते क्योंकि वह समय कार्यालयीन समय नहीं था जब इस संबंध में लखनादौन एसडीओ से बात की गई तो उनका कहना रहता है कि अभी रेंजर नए हैं थोड़ा सा समय लगेगा समय लगते लगते तक कहीं और भी पेड़ों की कटाई का इंतजार ना करते रहे इसलिए उन्हें कहीं समझने में टाइम लगेगा जबकि मध्य प्रदेश सरकार वन विभाग को आवांटन देने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ती लेकिन उनके नुमांइदों पर पानी फेरने के लिए वन विभाग अपना पूरा प्रयास करती है पेड़ लगाने के बाद लोग पेड़ की अहमियत भूल जाते हैं जबकि चील घर के पीछे जो पेड़ काटे गए हैं वह पेड़ बहुत बड़े थे और वहां पर गाय बेल बांधते थे क्योंकि बड़े पेड़ और छांव के कारण लोग वहां पर बैठने और वहां आज भी बैल बाजार भरी जाती है अब सवाल यह उठता है कि वन परीक्षित क्षेत्र के अंतर्गत 50 मीटर की दूरी में ही यदि पेड़ कट जाते हैं तो यह बड़ी विडंबना पाई जाती है जैसे कि प्लांटेशन में चौकीदार भी लगाए जाते हैं नाकेदार भी होते हैं डिप्टी होते हैं तो फिर इन सब की नजरे कहां रहती हैं चोरी की लकड़ी पकड़ने के लिए विभाग के पास सूत्र रहते हैं तो फिर काटने वालों के लिए क्या विभाग के पास कोई सूत्र नहीं रहते तो अब ऐसा लग रहा है कि जंगलों की कटाई में विराम नहीं लग पाएगा जब धूमा में यह स्थिति है तो फिर धूमा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत जंगलों की क्या स्थिति होगी यह भी एक समझ के परे है। इस मामले में जब वन परिक्षेत्र के अधिकारी आकाश परोहा से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## लूट का मास्टर माइंड रामकृष्ण फरार

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिला में पुलिस द्वारा किये गए लूट कांड के सभी आरोपी पुलिस कर्मी sdop पूजा पांडे, थानेदार अर्पित भेरम सहित जेल की सलाखों के पीछे है, इस लूट कांड से 20 दिन पहले धनौरा पुलिस के सामने की गई देवरी टीका लूट कांड के 12 नाम जद आरोपी मे से एक मात्र आरोपी नरेश राय को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया, बाकी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं नरेश राय अभी जेल में है और जमानत याचिका हाई कोर्ट में लंबित है बाकी आरोपियों को पुलिस फरार तो बता रही है लेकिन इस लूट कांड का मास्टर माइंड रामकृष्ण डेहरिया , जनपद सदस्य अमान सिह, पूर्व जनपद सदस्य यदुनाथ सिह गुमास्ता अपनी गेंग के साथ मक्का के खालियानो मे फरारी काट रहे है, धनौरा पुलिस आरोपियों की उच्च स्तरीय राजनेतिक दबाब तथा sdop घंसोर का अत्यधिक संरक्षण के कारण इन आरोपियों पर हाथ डालने से बच रही है विवेचना इतनी लाचार गति से की जा रही है कि आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी भी नहीं की जा रही है, कानूनी जानकारों की माने तो उक्त मामले में पांच से अधिक आरोपी है इस कारण डकैती की धारा तथा हत्या का प्रयास की धारा का इजाफा होना तय है लेकिन दोनों धारा लगाने में विवेचक के हाथ कांप रहे हैं जबकि उक्त वारदात स्कॉर्पियो गाड़ी में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हैसूत्रों की माने तो अपराध क्रमांक 333 /2025 कायम हुई 2 महीने होने जा रहे हैं जिसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी इस बात का संकेत देती है कि 12 नाम जद आरोपियों को पकड़ने में 24 महीने लग सकते हैं उक्त प्रकरण में सीसीटीवी के आधार पर आधा दर्जन आरोपी बढ़ाने की प्रबल संभावना है लेकिन राजनीतिक दबाव में पुलिस मामले को ठंडा बस्त में डालकर आरोपियों को जमानत का लाभ दिलाने प्रयासरत है भले ही आरोपियों के सामने धनोरा पुलिस नतमस्तक है लेकिन क्षेत्र में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि राजस्व तंत्र और धनोरा पुलिस दोनों पर कब्जा करके लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गणों के द्वारा किए गए कृत्य जब सीसीटीवी में रिकॉर्ड है तब भी पुलिस का सुस्त रवैया क्षेत्र में अराजकता का बोलबाला में बढ़ावा देने से कम नहीं आन्का जा सकता।

पुलिस को सेट करके, पुलिस के सामने की गई इस लूट, बलवा, हत्या का प्रयास, गंभीर उपहती जैसी घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी नही करना 2 महीने से चल रही विवेचना की गति अत्यधिक लचर होने तथा घंसौर अनुविभाग की अनु विभागीय अधिकारी पुलिस नम्रता सोधिया के आरोपी गणों के साथ मधुर संबंध होने के कारण आरोपियों की गिरफतारी नही कर खुलेआम घूमने की छुट देना जाँच को प्रभावित करने मे काफी है इस कारण मामले की निष्पछ जाँच के लिए फरियादी प्रदीप दुबे ने जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए घंसौर अनुविभाग से अन्यत्र किसी पुलिस अधिकारी से विवेचना कराए जाने निवेदन किया है

### एक नजर में

#### 40 किमी साईकिल चलाकर पाया दूसरा स्थान



**सिवनी।** 18वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता देहरादून उत्तराखंड में आयोजित की जा रही है। इसमें सिवनी के विवेकानंद वार्ड निवासी वनकर्मी शिवनारायण तिवारी (53) ने साइक्लिंग में हिस्सा लिया। उन्होंने 40 किमी साइक्लिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विवेकानंद वार्ड पार्षद राजेश यादव ने बताया कि 53 वर्ष की आयु में भी अदम्य उत्साह और अनुशासन के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सिवनी जिले का नाम रोशन किया है।

#### आईटीआई कुरई में 19 को स्वरोजगार मेला

**सिवनी।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला दिनांक 19 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई, कुरई में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। ऐसे सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो 18 से 35 वर्ष की आयु तथा जिन्होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई या स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की है, रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। ऐसे सभी इच्छुक उम्मीदवार अपने समस्त मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो सहित उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

#### परामर्शदाता समिति ने डीआरएम को सौंपा सुझाव पत्र

**सिवनी।** सिवनी रेलवे स्टेशन की यात्री सुविधाओं के उन्नयन, सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और नई सेवाओं की मांग को लेकर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रेलवे स्टेशन परामर्शदाता समिति, जिला सिवनी द्वारा विस्तृत सुझाव पत्र प्रस्तुत किया गया यात्री सुविधा एवं सेवा विस्तार, आरक्षण खिड़की के समय में वृद्धि।, स्टेशन पर कैन्टीन/फूड स्टॉल प्रारंभ किए जाएँ।, स्टेशन परिसर में अरू मशीन हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। प्लेटफॉर्म व परिसर में नियमित साफ-सफाई की प्रभावी व्यवस्था हो।

## कु . साध्या गोल्हानी का अंतर्राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता में हुआ चयन

**सिवनी नवभारत।** शिक्षा जगत के लिए गर्व का विषय है की कु. साध्या गोल्हानी एक्सप्रेस प्रतिनिधि श्री केशरी गोल्हानी की पौत्री एवं एडवोकेट हितेंद्र एवं एडवोकेट साधना गोल्हानी सिहोरा ( लखनादौन) जिला सिवनी की पुत्री है. जो कक्षा थर्ड की प्रतिभाशाली छात्रा है जा सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत है का चयन रंग उत्सव सेलिब्रेशन इंटरनेशनल लेवल आर्ट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। रंगो उत्सव सेलिब्रेशन मुंबई द्वारा जारी सूचना पत्र में बताया गया है कि साध्या ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उसे ग्रेड क्क+ प्राप्त हुआ है उसकी प्रदर्शन को देखते हुए संस्था ने उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता के लिए चयनित किया



है जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। संस्था ने साध्य के चयन को उज्जवल और प्रतिभावान छात्रों में शामिल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है और माता-पिता को इस सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। यह उपलब्धि न केवल सा

ध्या बल्कि विद्यालय एवं शहर के लिए भी गर्व का विषय है। साध्या गोल्हानी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं एक्सप्रेस परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डहेरिया एवं नवभारत प्रतिनिधि जाविद खान ने भी साध्या को बधाई प्रेषित की है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए कॉल सेंटर स्थापित

**सिवनी ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सुविधाजनक रूप से संपादन एवं आम नागरिकों, बीएलओ की सहायता के लिए कॉल सेंटर 1950 शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी द्वारा कॉल सेंटर स्थापित कर 03 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला चिकित्सालय सिवनी धीरज पाल की प्रात: 09 बजे से 01 बजे तक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर दिक्षा शर्मा चिकित्सालय गोपालगंज तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर चिकित्सालय गोपालगंज सचिन चौरसिया की ड्यूटी शाम 05 बजे से रात 10 बजे तक लगाई गई है। कॉल सेंटर के कर्मचारी प्रतिदिन कॉल सेंटर में प्राप्त कॉल और जानकारी का रजिस्टर संधारित करेंगे।

## डा . अग्निहोत्री अध्यक्ष एवं डॉक्टर औगारे सचिव बने

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की साधारण सभा में हुआ निर्णय





**सिवनी।** 15 नवंबर 2025 को आई एम ए सिवनी की साधारण सभा की बैठक हुई। जिसमें एक बार पुन: डॉक्टर दीपक अग्निहोत्री को निर्विरोध अध्यक्ष एवं डॉ महेंद्र ओगारे को सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें कोषाध्यक्ष डॉक्टर लोकेश बिसेन, संरक्षक के रूप में डॉ डी एस सेंगर, डॉ वी के सरीन और डॉक्टर सुनंदा चौधरी बनाया गया । उपाध्यक्ष के पद पर डॉक्टर आर के श्रीवास्तव, डॉक्टर के सी मेश्राम, डॉक्टर ए के दिवाकर, डॉक्टर वी के नावकर बनाए गए । मीडिया प्रभारी डॉक्टर जयज काकोड़िया, इवेंट ऑर्गेनाइजर डॉक्टर लोकेश चौहान सहसचिव के पद पर डॉ मुकेश अहिरवार डॉक्टर कमलेश झरिया, डॉक्टर संदीप सनोडिया, डॉक्टर जागृति बिसेन, डॉक्टर प्रिया सिंह, डॉक्टर समरीन अंसारी बनाएं गए। एग्जीक्यूटिव बॉडी के मेंबर में डॉक्टर डॉक्टर ए के तिवारी, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, डॉक्टर पी सूर्या, डॉक्टर टी आर बांद्रे ,डॉक्टर अभिषेक रायकवार, डॉक्टर एस के सिरोठिया, डॉक्टर टी एस इनवाती एवं डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव को बनाया गया। है

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर निकाली गई भव्य वाहन रैली

**शहीदों को सलामी देकर मनाया गया बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम**

**सिवनी नवभारत।** 15 नवंबर शनिवार को पुरे देश में क्रांतिसूर्य धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती बड़े ही हर्षउल्लास से मनाया गया । उन्होंने आदिवासियों को संगठित किया और अंग्रेजी शासन को खुली चुनौती दी आदिवासी समाज उन्हें धरती आबा यानी धरती पिता की उपाधि से सम्मानित करता है. उन्होंने अबुआ राज एते जाना, महारानी राज टुंडू जाना का नारा देकर स्वराज की अवधारणा को जंगलों, घाटियों और गांवों तक पहुंचाया वही उनके संघर्ष को याद किया गया 7इसी अवसर पर आज सिवनी जिले में बिरसा ब्रिगेड संगठन के द्वारा मुंडारा में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सलामी दी गई



वही उनके शहादत और संघर्ष विचारों को याद किया गया उसके बाद ग्रामीण क्षेत्र कमकासुर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा के लिए भूमिपूजन किया गया इसी तरह अरी गंगेरुआ बरघाट कोसमी सेलुआ व अम्बेडकर चौक, रानी दुर्गावती, राजा दलपत व सभी क्रांतिकारी शहीदों को सलामी परेड के साथ बिरसा मुंडा जयंती मनाया गया इस अवसर पर महेंद्र शाह मर्सकोले, नेपाल उइके,अशोक नवरेती, सविता करवेती, लता कंगाली, लक्ष्मी उइके, सरिता मर्सकोले, महादेव तेकाम चिंटा सल्लामे, हिमांशु भलावी ,पंजू चौधरी, राजू मरकाम, पूनाराम उइके, भरत इनवाती, परदेशी कुमरे ,रोहित उइके, विनय राज मर्सकोले, जय सिंह परते, संतोष उइके, योगी उइके व अन्य सभी सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित शीतल ठाकुर को किया सम्मानित

**मेहनत से पढ़ाई करने वालों को सफलता जरूर मिलती है - योगेंद्र सिंह बाबा**

**घंसौर नवभारत।** लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा विगत 14 नवंबर को कार्यालय जनपद पंचायत घंसौर पहुंचे और जनपद सभागार में डिप्टी कलेक्टर बनीं घंसौर में बतौर सीईओ के पद पर पदस्थ शीतल ठाकुर को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत घंसौर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शीतल ठाकुर ने राज्य सेवा आयोग 2023 की परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुईं। शीतल ठाकुर ने




वर्ष 2022 में 21 वर्ष की उम्र में पहली बार में ही मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की परीक्षा पास की थी, जिसके बाद उनकी पहली पदस्थापना मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत घंसौर के रूप में हुई थी। उल्लेखनीय है कि शीतल ठाकुर 23 वीं रैंक पाकर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। महज 24 वर्ष की उम्र में डिप्टी कलेक्टर बनकर शीतल ठाकुर नें ना केवल अपना बल्कि पूरे परिवार, समाज, जिला, प्रदेश को गौरवान्वित करने का अलौकिक कार्य किया है। बताया जा रहा है कि जिला बालाघाट अंतर्गत वारासिवनी निवासी शीतल के पिता प्रकाश ठाकुर पुलिस विभाग बालाघाट में बतौर कांस्टेबल के पद पर पदस्थ रहकर देश भक्ति जनसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। तीन बहनों में सबसे बड़ी शीतल की प्रारंभिक पढ़ाई बालाघाट से हुई। बताया गया कि उनकी इस उपलब्धि में परिवार का बड़ा योगदान रहा है। और यदि परिवार आपके साथ हो तो आप अपने सपने को पाने के लिए हर चुनौती का डटकर सामना कर सकते हैं।

### बाल मेले में बच्चों ने लगाए स्टॉल

**सिवनी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कक्षा के बच्चों ने 60 स्टॉल लगाए। गोलगप्पे, चाट जैसे खान-पान के स्टॉलों ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य ने कहा कि हमें वर्तमान समय के अनावश्यक बाहरी प्रभावों से प्रभावित हुए बिना अपने बचपन को जीना चाहिए और भविष्य का निर्माण करना चाहिए। अध्यापकों और छात्रों ने पैसे देकर छात्रों से चीजें खरीदीं और खेलों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपने निवेश से अधिक कमाई की, जिससे उन्हें मनोरंजन, ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव मिला।

## स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती कांग्रेस ने मनाई

**सिवनी नवभारत।** धरती आबा स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी भगवान् बिरसा मुंडा जी की जयंती कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनायी गयी। बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र के समक्ष जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। तत्पष्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि बिरसा मुंडा महज 25 वर्ष की कम उम्र में स्वतंत्रता आंदोलन और जल, जंगल, जमीन एवं आदिवासी संस्कृति की रक्षा के लिए अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन



चलाकर आदिवासी समाज को प्रेरित कर उन्हें एक जुट कर ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ कठोर संघर्ष किया, उनके इन संघर्षो ने उन्हें एक महान नेता और आदिवासी समाज का आदर्श बना दिया, बिरसा मुंडा जी के योगदान को चीरस्थायी रूप में बनाये रखने आज सम्पूर्ण भारत वर्ष में 15 नवम्बर को उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। सम्बोधन के पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त जिले वासियों को बिरसा मुंडा जयंती की शुभकामनाएँ प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन शिव सनोडिया द्वारा किया गया।

जयंती कार्यक्रम में राजा बघेल, मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती कविता कहार, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, ध्रुवनारायण चौधरी, ठा.जयप्रकाशसिंह परिहार, मधु राजीव क्रिडिया, नितिन मिश्रा, रामकिशोर बघेल, गिडियन टीसिंह, फिरोज खान, राजू कहार, शुभम डहेरिया, आदित्य मोन्टू भूरा, राजेन्द्र कंगाली, राजिक अकील, धनंजय सिंह, तनवीर अहमद, श्यामसिंह माली, सिद्ध लाहोरी, सोहेल अमन खान, सुलतान, अशरफ खान, दीपक सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

**आयोजन** | श्री सांई पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन

# ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं

**सिवनी नवभारत।** बाल दिवस के पावन अवसर पर श्री सांई पब्लिक स्कूल, टैगोर वार्ड, रघुनाथ नगर, सिवनी में अत्यंत भव्य व ऐतिहासिक बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही बच्चों की मुस्कान, रंग-बिरंगी सजावट, और उत्साहपूर्ण वातावरण से गूंज उठा। बच्चों, अभिभावकों और आगंतुकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष और अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे अयोध्या विश्वकर्मा, नवनिर्वाचित प्रेस एसोसिएशन जिला अध्यक्ष संजय सोनी, नगर अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा दोनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ और श्रीफल प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर बाल



मेले का शुभारंभ किया। इसके बाद मां सरस्वती, श्री साईं बाबा, एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया, जिसके साथ ही कार्यक्रम का औपचारिक आगाज हुआ। पूरे मेले में स्कूल के बच्चों ने अपने हुनर और रचनात्मकता की बेहतरीन छाप छोड़ी। छात्र-छात्राओं ने स्वयं घर पर बनाकर लाए स्वादिष्ट व्यंजनों के अनेक स्टॉल लगाए, जिनमें प्रमुख थे — चार्ट, कचोरी, गुपचुप/पानीपुरी, इडली, पाव भाजी, पुलाव, ब्रेड पकोड़ा, पास्ता, मीठे पकवान इत्यादि

नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा लगाए गए छोटे-छोटे स्टॉल बच्चों की मेहनत, आत्मविश्वास और कला का सुंदर प्रदर्शन थे। आगंतुकों ने बच्चों के बनाए व्यंजनों का स्वाद लेकर भरपूर प्रशंसा की, और उनकी मेहनत की सराहना करते हुए खरीदारी भी खूब की।

मेले में अभिभावकों, स्थानीय लोगों और कई सम्मानित अतिथियों की रिकॉर्ड संख्या में उपस्थिति रही। हर स्टॉल पर बच्चों की लगन, सजावट और व्यंजनों की विविधता ने आगंतुकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। लोगों ने विद्यालय प्रबंधन की इस पहल को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक बताया। इस भव्य आयोजन के संचालन एवं मार्गदर्शन की कमान विद्यालय के सम्मानित प्रधानाचार्य एस. के. हरिनखेडे के हाथों में रही। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।

प्रधानाचार्य हरिनखेडे जी तथा पूरे विद्यालय स्टाफ ने दिनभर कार्यक्रम को व्यवस्थित, सुरक्षित और सफल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि अयोध्या विश्वकर्मा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस बाल मेले में बच्चों का उत्साह और हुनर देखकर मन प्रसन्न हो गया। ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। नगर अध्यक्ष संजय सोनी ने भी विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, आगंतुकों और बच्चों को धन्यवाद दिया। बाल मेले को सभी ने मिलकर एक उत्सव, एक सीख, और एक अनुभव के रूप में आनंदित किया।

## भावांतर राशि वितरण कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखा

**घंसौर नवभारत।** मुख्यालय घंसौर में किसानों को भावांतर राशि वितरण कार्यक्रम का देवास से हो रहा लाइव प्रसारण कार्यक्रम किसानों को दिखाया गया इसके लिए बड़ी-बड़ी एलईडी लगाई गई थी जिसके माध्यम से किसानों ने सीधा प्रसारण देखा मध्यप्रदेश के देवास में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां से सीएम मोहन यादव ने लगभग 1.33 लाख किसानों के खाते में भावांतर योजना के रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं।

बता दें कि इस दौरान सीएम मोहन यादव ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के खाते में 1300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से प्रदेश के किसानों कों 233 करोड़ रुपए वितरित किए हैं। भावांतर योजना का मकसद भावांतर योजना के माध्यम से किसानों को दी गई राशि का मकसद यह है कि सोयाबीन किसानों को होने वाले घाटे की



भरपाई हो सके. बता दें कि भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 4130 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी रही।

इससे पहले मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था, इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए तथा 12 नवंबर को 4077 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ। लाइव प्रसारण समाप्त होने के उपरांत कृषि उपज मंडी सचिव अमर सिंह के द्वारा सभी किसानों के लिए स्वल्पाहार का आयोजन किया गया।